## बनावटी न हो अभिनय : यशपाल शर्मा




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के इलाहाबाद केंद्र में नवगठित फिल्म एवं ड्रामा क्लब द्वारा दिनांक 21 जुलाई 2018 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रंगमंच एवं फिल्म के प्रसिद्ध अभिनेता यशपाल शर्मा द्वारा प्रदर्शनकारी कला के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को फिल्म अभिनय एवं निर्माण की बारिकियों से अवगत कराया गया। इस परिचर्चा के दौरान उन्होंने अपने सिनेमा से संबंधित अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि सिनेमा में सफल होने के लिए कलाकार के पास धैर्य एवं आत्मविश्वाश अवश्य होना चाहिए। इस परिचर्चा में उन्होंने अपनी बहुचर्चित फिल्में लगान और गंगाजल इत्यादि से संबंधित अनुभव भी साझा किए। इस परिचर्चा में उन्होंने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए, उन्होंने बताया कि सिनेमा पैसे से नहीं पैशन से बनता है, उन्होंने कहा कि सिनेमा के अभिनय का आधार रंगमंच ही है अतः अभिनेता को अपने उपर सर्वाधिक मेहनत करनी चाहिए।



इस परिचर्चा का संयोजन इलाहाबाद केंद्र की प्रभारी डॉ. विधु खरे दास ने किया एवं अतिथियों का स्वागत सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी द्वारा किया गया। शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में विजय लाल कन्नौजिया, कृष्ण मोहन, राजेश अहिरवार, असगर अली, आकांक्षा वर्मा, पंकज पाण्डेय, रूची गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रदीप मौर्य आदि उपस्थित रहे, साथ ही आयोजन में केंद्र के कर्मचारियों का सहयोग रहा।